Abu road –Highly dense Goodwishes Zone
आबू रोड शुभ कामनाओ का गढ़

जब हम किसी कार्य को शुभ कामना रख शुभ भावना से करते हैं तो वे पूर्ण होते हैं। किन्ही भी अच्छे कार्यो में बेहतर परिणाम पाने के लिए शुभ कामना ऊर्जा का काम करती है।

9601325 मिनट शुभ कामनाओं के इक्ठे कर शुभ कामना बैंक की शांतिवन शाखा के गॉडली एजेन्ट ने ये कर दिखाया है। शुभ कामना बैंक की 9996 आबू शांतिवन शाखा के टीम लीडरों व गॉडली एजेन्टस को दादी प्रकाश मणी फार्म हाउस में सम्बोधित करते हुए शांतिवन प्रबन्धक बी.के भूपाल जी ने बताया कि आबू रोड तहसील में 53 दिन चले इस शुभ कामना के अभियान में 22681 लोगों ने खाते खुलवाकर शुभ कामनाओ की जरुरत को जीवन में अनुभव किया।

पूरे विश्व से की गई 212 करोड़ मिनट शुभ कामनाओ में 9601325 मिनट का योगदान आबू रोड के ग्रामीण व शहर वासियों का रहा। पूरे विश्व से आये आकड़ो की दृष्टि से **आबू रोड वासियों ने पूरे विश्व की तुलना में 200 गुणा अधिक शुभ कामनाए रख आबू रोड को शुभ कामनाओ के गढ़ के रुप में प्रत्यक्ष किया।** आबू शांतिवन में चल रहे विश्व कल्याण के कार्यो व आकड़ों की दृष्टि से आबू रोड " हाईली डेन्स गुड विशिष जोन,, के रुप में उभरा है। यह आबू निवासीयों के लिए गर्व का विषय है। जिसके लिए वे बघाई के पात्र है।

इस अवसर पर बी.के सुधीर कुमार ने अपना अनुभव सुनाते हुए कहा कि ईश्वर के साथ से इन्सान को शुभ विचार मिलते है। शक्ति मिलती है, हिम्मत मिलती है, व्यवहार कुशलता ईश्वर से सीखने को मिलती है। इन्सान को चाहिये कि वह परमपिता परमात्मा के साथ में रहकर कार्य करे। ईश्वर के साथ से सफलता निश्चित हैं। आबू शांतिवन शाखा से आये परिणाम इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर शुभ कामना प्रोजेक्ट को मिले सहयोग के लिए सभी लीडरों, गॉडली एजेन्टो, शुभ चिन्तको तथा आबू निवासीयों का उन्होनें धन्यवाद किया। विश्व से मानव, प्रकृति, व प्राणी जगत के लिए की

गई ये शुभ कामनाए परम श्रद्धेय दादी प्रकाश मणी के तृतिय पुण्य तिथि पर समर्पित की गई। आबू शांतिवन शाखा द्वारा कि गई सेवाओं के लिए शुभ कामना बैंक कि तरफ से निम्न चेक भेंट किया गया। यह चेक मानवता को समर्पित है शुभ कामना के रुप में मिनटो मे लिखी ये शुभ कामनाएं जरुरत मंदो को समर्पित है साथ ही शुभ कामना बैंक आबू शांतिवन शाखा के तरफ से भी आप सभी के बेहतर आज और सुन्दर भविष्य के लिए शुभ कामना ।



शुभ कामना बैंक 9996 आबू शांतिवन शाखा की सेवाओ के

मुख्य आकर्षण-

1. आबादी का 12 प्रतिशत लोगों ने खुलवाये खाते। कुल 22681 खाते खुले
2. वैश्विक स्तर पर एकत्र की गई शुभ कामनाओं में लगभग 1 करोड़ मिनट शुभ कामनाओ का सहयोग आबू रोड से हुआ।
3. विश्व के लोगों की भेंट में 200 गुणा अधिक शुभ कामना की आबू रोड के ग्रामीणों व शहर वासीयों ने, जिसके आधार पर आबू रोड ''हाइली डेन्स गुड विशिष जोन,, बना।
4. 74 होर्डिगं लगाये गये जिससे, क्षेत्र में शुभ कामनाओ की लहर फैली।
5. बीमार लोगों पर शुभ कामनाओ के प्रयोग सफल हुए।
6. जिन खातेदारों ने अपने खाते शुभ कामना बैंक में चढवाये उन्हें मिले वरदानी कार्ड। वरदान पाकर लोगो के चेहरे खिल उठे।
7. प्रकृति का सहयोग मिला,बारिश के लिए की गई शुभ कामनाएं रंग लाई।
8. बच्चे, युवा ,वृद्ध, शिक्षित, अशिक्षित, शहर वासी, वनवासी सभी ने शुभ कामनाओ के महत्तव को समझा और अनुभव किया।
9. टीम लीडरों व गॉडली ऐजेन्टों में अन्तिम क्षणों तक उत्साह बरकरार रहा। शुभ चिन्तकों का भरपूर सहयोग मिला।
10. अशिक्षित लोगों ने शिक्षा के महत्तव को समझा व भावी पीढ़ी को पढ़ाने का मानस बनाया
11. ढ़ाणीयों, फलियों में बसे लोगो ने ब्रह्माकुमारी संस्था के लोगों को अपने बीच पाकर अपनत्व महसूस किया।
12. ऊँ शांति् का मन्त्र जन-जन में गूंजा।

बी.के सुधीर कुमार, शांतिवन